
# नए लिंक एक्सप्रेसवे के लिए जल्द होगा भूमि अधिग्रहण

- आगरा-लखनऊ व पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ा जाएगा
- भूमि क्रय के लिए शासन ने 500 करोड़ रुपये किए मंजूर

**राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ :** आगरा-लखनऊ और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को आपस में जोड़ने के लिए बनाए जाने वाले नए लिंक एक्सप्रेसवे की परियोजना पर जल्द ही काम शुरू होगा। राजधानी से गुजरने वाले 49.8 किलोमीटर लंबे इस लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए भूमि क्रय को लेकर शासन ने



500 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। लिंक एक्सप्रेसवे की इस परियोजना को बीते वर्ष सितंबर माह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई थी।

लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए भूमि क्रय किए जाने संबंधी प्रस्ताव यूपीडा (उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण) ने शासन को बीते वर्ष अक्टूबर माह में भेजा था। यह लिंक एक्सप्रेसवे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्थित बहरू (काकोरी) से शुरू होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर स्थित महुराकलां (गोसाईंगंज) में समाप्त होगा। यूपीडा की तरफ से इसे प्रवेश नियंत्रित ग्रीनफील्ड लिंक एक्सप्रेसवे के रूप में निर्मित किया जाएगा। मेसर्स एमएस पार्क फ्यूचरिस्टिक कंपनी को इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शासन द्वारा गुरुवार को जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि भूमि क्रय करने के लिए जारी की जाने वाली राशि जिलाधिकारी लखनऊ के खाते में जमा की जाएगी।

## होंगे कई लाभ

नए लिंक एक्सप्रेसवे के विकसित होने के बाद पूर्वांचल से लखनऊ आने वाले लोगों को काफी सहूलियत होगी। दोनों क्षेत्रों के बीच की दूरी भी करीब दो घंटा कम हो जाएगी। वहीं बिहार व पूर्वांचल से लखनऊ होते हुए दिल्ली जाने के लिए लोगों को जाम में नहीं फंसना पड़ेगा। अभी पूर्वांचल से दिल्ली जाने के लिए लोगों को लखनऊ से होकर गुजरना पड़ता है।